<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–30 मार्च 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
- प्रदेश के सभी जिलों में चैत्र रामनवमी पर होगा अखण्ड मानस पाठ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी त्योहारों को लेकर हुयी बैठक में दिये निर्देश।
- केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने ऊर्जा जरूरतों को लेकर कल लखनऊ में की प्रदेश सहित अन्य राज्यों के ऊर्जा मंत्रियों के साथ बैठक। लाइन लॉस रोकने पर हुआ मंथन।
- श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में आज प्रदेश भर में मनाया जा रहा है वासंतिक नवरात्र का पर्व। सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों पर उमड़े श्रद्धालु। मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की हो रही है आराधना।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

मन की बात का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वासंतिक नवरात्र और श्रीरामनवमी की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान श्री योगी ने चैत्र रामनवमी के उपलक्ष्य में सभी जनपदों में चौबीस घंटे रामचरितमानस का अखण्ड पाठ कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पांच अप्रैल की दोपहर से शुरू होकर अखण्ड मानस पाठ की पूर्णाहुति रामनवमी के दिन छः अप्रैल को दोपहर बारह बजे श्रीरामलला के सूर्य तिलक के साथ होना चाहिए। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्रों में प्रदेश के प्रमुख देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में तथा सूर्य तिलक का दर्शन करने अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने नवरात्र के दिनों में पूरे प्रदेश में निर्बाध 24 घंटे बिजली आपूर्ति किये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिरों के आसपास अंडा, मांस इत्यादि की दुकानें नहीं होनी चाहिए, साथ ही कहीं भी अवैध स्लाटरिंग न हों। मुख्यमंत्री ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाने और पुलिस को भीड़ प्रबंधन तथा पैदल मार्च करने के भी निर्देश दिये। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।***

श्री योगी ने प्रदेश में नवरात्रि के मद्देनजर सभी मंदिरों और देवालयों के 500 मीटर की परिधि में मांस/मछली आदि की दुकानें पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। इस परिधि के बाहर भी लाइसेंस की शर्तों का पालन अनिवार्य होगा और खुले में मांस की बिक्री नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने रामनवमी पर्व पर भी मांस और मछली की दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

**********

प्रदेश भर में आज हिन्दू नव वर्ष और भगवान झूलेलाल की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश वासियों को चैत्र नवरात्रि, हिन्दू नव वर्ष और झूलेलाल जयंती की बधाई दी है। सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट के माध्यम से श्री योगी ने कहा है कि ये पर्व हमारे जीवन में नई उमंग और नए उत्साह के साथ साथ समाज और राष्ट्र के प्रति रचनात्मक सोच पैदा करते हैं।

**********

यूपी एसटीएफ ने मुख्तार अंसारी के शार्प शूटर और ढाई लाख रूपये के इनामी अनुज कन्नौजिया को कल देर रात हुई मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। यह जानकारी देते हुए एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया झारखंड के जमशेदपुर में अनुज कन्नौजिया के साथ मुठभेड हुई। जिसमें कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। अभियुक्त के खिलाफ आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर में लगभग 24 मुकदमे दर्ज है। इस मुठभेड़ में झारखंड की पुलिस भी यूपी एसटीएफ के साथ थी।

**********

प्रदेश सरकार ने पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहन देने के लिए कल लखनऊ के गांधी भवन प्रेक्षागृह में राज्य स्तरीय माटीकला एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार वितरण समारोह–2025 का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार माटीकला और खादी उद्योग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सुधार और रोजगार सृजन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर श्री सचान ने उत्कृष्ट शिल्पकारों और उद्यमियों को सम्मानित किया। माटीकला श्रेणी में आजमगढ़ के आनंद कुमार प्रजापति को प्रथम पुरस्कार, अयोध्या के राम सजीवन प्रजापति को द्वितीय पुरस्कार और कानपुर देहात के विपिन कुमार को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**********

प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कल अपने तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन साल में विधानसभा में बहुत बदलाव हुए हैं। 18वीं विधानसभा के दौरान ही नए विधान भवन की नींव रखी जाएगी। इस दौरान उन्होंने अपने तीन साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं और विधानसभा के बदलते परिदृश्य की प्रशंसा की।

**********

केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक के नेतृत्व में कल लखनऊ में ऊर्जा जरूरतों पर केन्द्रित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आंध्र प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु के ऊर्जा मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि बैठक में लाइन लॉस की रोकथाम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर जलने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी होगी और लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान श्री शर्मा ने गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का आश्वासन भी दिया।

***पॉवर सेक्टर में क्या–क्या रिफार्म करना चाहिये, क्या तबदीलियां लानी चाहिये कैसे हम इसको और सुदृढ़ बनावे इन सारी बातों में गहन चर्चा हुई है और आशा रखता हूं कि इस चर्चा के साथ इस ग्रुप की रिपोर्ट अगले मीटिंग के बाद तैयार होगी और उसमें भारत सरकार को हम लोग बहुत सारे सुझाव इस ग्रुप के द्वारा दिये जायेंगे, जिससे बहुत ही दूरगामी सुधार हो पायेंगे ऊर्जा के क्षेत्र में और हमारा देश जो प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में हम आगें बढ़ चुके है उसमें और भी बेहतरी के साथ भारत ऊर्जा के क्षेत्र में या बिजली के संकट से यूं कहे हमेशा–हमेशा के लिये निकट जायेगा।***

**********

मां दुर्गा की उपासना और आराधना का पावन पर्व वासंतिक नवरात्र आज से शुरू हो गया है। प्रदेश भर के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड लगी है। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर माता के दर्शन, पूजन और विभिन्न अनुष्ठान कर रहे हैं। बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ पर भी आज सुबह से ही श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचकर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर रहे हैं। एक रिपोर्ट....

***जनपद बलरामपुर में देवीपाटन शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्रि का पूजन अर्चन आज प्रातः काल से शुरू हो गया है। 51 शक्ति पीठ में से एक देवी पाटन शक्ति पीठ पर ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालु कतारों में लगकर मां का दर्शन पूजन कर रहे हैं। एक माह तक चलने वाला मेला भी आज से प्रारंभ हो गया है। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की विशेष तैयारी की गई है। श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा मेला स्पेशल ट्रेन वहीं परिवहन निगम द्वारा भी मेला स्पेशल बस चलाई जा रही है।रामकुमार मिश्र, आकाशवाणी समाचार, बलरामपुर।***

**********

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अतंर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से जम्मू कश्मीर के श्रीनगर के लिये सीधी उड़ान सेवा आज से प्रतिदिन के लिये शुरू होगी, जबकि इसका आगमन लखनऊ में सोमवार से शनिवार तक होगा। उड़ान का संचालन इंडिगा एयरलाइन द्वारा किया जायेगा।

**********

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कल विश्व टीबी दिवस कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कौशांबी, हरदोई, देवरिया, कुशीनगर और गोरखपुर सहित अन्य जनपदों में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों के साथ स्वास्थ्य एवं पंचायत कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधानों को टीबी के बारे में जागरूक भी किया गया।

**********

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के चलते कल सुबह और शाम को ठंडी हवा चलने के कारण तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गई, लेकिन दोपहर में निकली तेज धूप ने लोगों को गर्मी का भी अहसास कराया। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के बाद अधिकतम तापमान में तीन से पांच और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। विभाग ने बताया कि आगामी चार अप्रैल तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

**********